**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 25.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जमशेदपुर पहुंचे जहां सिंहभूम चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्लेटिनम जुबली समारोह में छौ नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई। यह प्रस्तुति लोकसभा अध्यक्ष और अन्य अतिथियों के स्वागत में दी गई।

************************

महिला स्व–सहायता समूहों की सदस्यों ने इस बात पर बहुत प्रसन्नता व्यक्त की है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ड्रोन दीदियों को स्काई वारियर कह कर पुकारा है। नमो ड्रोन दीदी के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिला सदस्यों ने बताया कि वे अच्छी आय अर्जित करने के साथ–साथ किसानों का बोझ कम करने में मदद कर रही हैं।

स्वपना ने चंद्रकला और अनीता के साथ बताया कि वे ड्रोन की सहायता से कम खर्च के साथ अधिक भू–क्षेत्र में उर्वरक और कीटनाशक उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जो प्रशिक्षण उन्हें मिला है, गांव की अन्य महिलाओं को भी प्रदान किया जाएगा ताकि वे भी अच्छी आजीविका कमा सकें।

************************

केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर आठ दशमलव दो–पांच प्रतिशत ब्याज दर की स्वीकृति दे दी है। इससे देश के सात करोड़ अंशदाता कर्मचारियों को लाभ होगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केन्द्रीय ट्रस्टी बोर्ड ने इस ब्याज दर की सिफारिश की थी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने महत्वपूर्ण संचालनगत उपलब्धि भी हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में 6 मार्च तक रिकॉर्ड दो करोड़ 16 लाख दावों का डिजिटली स्वतः निपटान हुआ।

************************

सरायकेला जिले के सभी शक्ति केंद्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

************************

जैक की ओर से आयोजित मैट्रिक परीक्षा–2025 का रिजल्ट 31 मई तक जारी होने की संभावना है। जैक की ओर से रिजल्ट प्रकाशन की तैयारी अंतिम चरण में है। इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में 4 लाख 33 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। मैट्रिक के बाद इंटर का रिजल्ट जारी होगा। इंटर साइंस व कॉमर्स का रिजल्ट जून के पहले सप्ताह में जारी होने की उम्मीद है। इसके बाद इंटर कला संकाय का रिजल्ट जारी किया जाएगा।

************************

खूंटी जिले की निवासी संगीता देवी गौ पालन कर जिले के लिए मिसाल बन गई हैं। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

************************

राजधानी रांची में अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। कल रात अभियान चलाकर विभिन्न इलाकों से 50 से ज्यादा लोगों को पकड़ा गया। यह कार्रवाई डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के निर्देश पर की गई। उन्होंने अड्डेबाजी की सूचना देने के लिए 8987790664 नंबर भी जारी किया है।

************************

देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र स्थित पुनासी जलाशय में शनिवार शाम निर्माणाधीन स्पीलवे की सैंटरिंग अचानक ढह जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो जूनियर इंजीनियरों को हल्की चोटें आईं। उपायुक्त विशाल ने अस्पताल पहुंचकर सभी घायलों से मुलाकात की और उनके इलाज की जानकारी ली।

************************

झारखंड में इस बार मानसून तीन से पांच जून के बीच पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने इसके संकेत देते हुए कहा है कि इसका प्रवेश कोल्हान और संताल के रास्ते हो सकता है। सब कुछ अनुकूल रहा तो

15 जून तक यह पूरे राज्य को कवर कर लेगा। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के कई जिलों में गर्जन और तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया है।

*****************